an>

Title: Need to provide irrigation facilities in Dahod, Chhota Udaipur, Narmada and Bharuch districts of Gujarat.

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच) ः गुजरात में कई सिंचाई बांध बनाये गये हैं जैसे नर्मदा बांध, करजण बांध, उकई बांध एवं फढाणा बांध बने हैं। यह बांध जनजाति/आदिवासी बहुल क्षेत्र में बने हैं और इनसे विस्थापित होने वाले अधिकांश लोग जनजाति वर्ग के हैं। खेद के साथ सदन को सूचित करना पड़ रहा है कि सिंचाई की सुविधा इन बांध वाले क्षेत्रों के जनजाति वर्ग के लोगों को नहीं मिल रही है और उक्त डैमों का पानी भी इन क्षेत्रों में रहने वाले जनजाति वर्ग को नहीं मिल पा रहा है। मेरी मांग है कि भारत सरकार "प्रधानमंत्री सिंचाई योजना" और राज्य की सिंचाई योजना का समुचित समन्वय करके गुजरात के दाहोद, छोटा उदयपुर, नर्मदा और भरूच जिले के जनजाति बहुल और पिछड़े इलाके तथा जगडिया, नेतृंग वालिया और तापी जिला की जनजाति बेल्ट को सिंचाई की अधिक से अधिक सुविधा दी जाये जिससे वे अपने खेतों को सींच सकें और कृषि से अधिक आय कमाकर अपने जीवन स्तर को ऊÃ¬चा कर सकें।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि भारत सरकार "प्रधानमंत्री सिंचाई योजना" और राज्य की सिंचाई योजना का समुचित समन्वय के माध्यम से गुजरात के दाहोद, छोटा उदयपुर, नर्मदा और भरूच जिले के जनजाति बहुल और पिछड़े इलाके तथा जगडिया, नेतृंग वालिया और तापी जिला की जनजाति बेल्ट को सिंचाई की सुविधा दी जाये।